जोगी ने रमन से कहा- हेलीकॉप्टर भेज दें साथ में जेट्रोफा प्लांटेशन देखने तैयार

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 10 मार्च। भाजपा विधायक के सवाल पर पूरक प्रश्न के दौरान जब पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी को मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने जगदलपुर जिले में हुए जेट्रोफा प्लांटेशन देखने चलने का अनुरोध किया तो श्री जोगी ने मुख्यमंत्री से कहा कि वे हेलीकाप्टर भेज दें वे उनके और विधायक के साथ जेट्रोफा प्लांटेशन देखने के लिए तैयार हैं।

चित्रकोट के भाजपा विधायक बैदूराम कश्यप ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से रतनजोत पौध रोपण में अनियमितता का मामला उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय ग्रामीणों को न तो इस योजना की जानकारी है और न ही लगाए गए पौधों का कहीं अता-पता है। एनजीओ और आला अधिकारियों द्वारा मनगढ़ंत सूची तैयार कर विभागीय योजना को क्रियान्वित बताया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने जवाब में कहा कि इस योजना में हितग्राहियों का चयन क्रेडा द्वारा नहीं बल्कि ग्राम पंचायतों और ग्रामसभा द्वारा किया गया है। क्रेडा ने सिर्फ पौधे उपलब्ध कराने का काम किया है। एनजीओ का चयन भी पंचायतों द्वारा ही किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र में 54 सौ एकड़ पर वृक्षारोपण किया गया है। इसमें किसी तरह की अनियमितता होने से उन्होंने इंकार किया।

रमन का दावा 70 से 80 प्रतिशत पौधे जीवित

पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने भाजपा विधायक के सवाल पर पूरक प्रश्न पूछे। उन्होंने मुख्यमंत्री से पूछा कि वहां जो 54 लाख पौधे लगाए गए थे उसमें कितने पौधे जीवित हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 54 लाख पौधे लगाने में एक करोड़ 60 लाख रूपए खर्च किए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि लगाए गए 70 से 80 प्रतिशत पौधे जीवित हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जोगी चाहें तो वहां जाकर पौधे देख सकते हैं। वे उनके साथ चलने तैयार हैं। श्री जोगी ने इस पर कहा कि वहां पर ज्यादातर पौधे मर गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि वे हेलीकॉप्टर उपलब्ध करा दें तो मुख्यमंत्री और विधायक के साथ वहां निरीक्षण के लिए जा सकते हैं।

विधानसभा में उठा बुलेट प्रूफ जैकेट खरीदी का मामला

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 10 मार्च। विधानसभा में बुलेटप्रूफ जैकेट की खरीदी का मामला जोर-शोर से उठा। सदस्यों ने घटिया बुलेटप्रूफ जैकेट की आपूर्ति पर टेंडर निरस्त करने की मांग की। संसदीय सचिव विजय बघेल ने कहा कि गुणवत्ताविहीन होने के कारण पहले लॉट को वापस कर दिया गया था। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मापदंड के अनुरूप नहीं होने पर टेंडर निरस्त करने पर भी विचार किया जाएगा।

बसपा विधायक सौरभ सिंह ने पुलिस बल के आधुनिकीकरण में खर्च राशि का सवाल उठाते हुए जानकारी मांगी कि राज्य सरकार ने किन-किन कंपनियों से किस दर पर बुलेटप्रूफ जैकेट की खरीदी की है। गृहमंत्री ननकीराम कंवर के स्थान पर संसदीय सचिव विजय बघेल ने जवाब में बताया कि वित्तीय वर्ष 2009-10 की अवधि में बुलेटप्रूफ जैकेट की खरीदी नहीं की गई है। जैकेट का पहला लॉट नियम के अनुरूप नहीं पाए जाने पर रिजेक्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दूसरा लॉट भेजने की सूचना मिली है लेकिन अभी तक लॉट आया नहीं है।

विधायक श्री सिंह ने जानकारी मांगी कि बूलेटप्रूफ जैकेट में टर्मिनल बैलेस्टिक रिसर्च की रिपोर्ट लगाई गई थी या नहीं। संसदीय सचिव ने बताया कि भारत सरकार ने इस बारे में छूट दे दी है। सरकार के पत्र आने में देरी के कारण ही पहले लॉट को वापस कर दिया। उन्होंने बताया कि जैकेट बोरान कार्बाइड से बनाया जाता है। यह काफी मजबूत होता है, इसे अमेरिका से आयात किया जाता है।

भाजपा विधायक देवजी पटेल ने जैकेट की टेस्टिंग कमेटी में बड़े स्तर के अधिकारियों को रखने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब एक बार आपूर्तिकर्ता का लॉट रिजेक्ट कर दिया गया तो दोबारा उसी को आर्डर क्यों दिया गया।

कांग्रेस विधायक धर्मजीत सिंह ने भी कहा कि घटिया जैकेट सप्लाई करने वाली कंपनी का ठेका निरस्त किया जाना चाहिए। इसके जवाब में श्री बघेल ने कहा कि जैकेट यदि मापदंड के अनुरूप नहीं पाया गया तो टेंडर निरस्त करने पर भी विचार किया जाएगा।

चर्चा के दौरान संशोधन पर नाराजगी

रायपुर, 10 मार्च। विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने सवाल के चर्चा के दौरान संशोधन प्रस्तुत करने पर कड़ी नाराजगी जताई है।

उन्होंने मंत्रियों और विधायकों को निर्देश दिया कि संशोधन प्रस्ताव कम से कम एक दिन पहले दिया जाए। कांग्रेस विधायक मोहम्मद अकबर ने रायगढ़ एवं जशपुर में गुमशुदा लोगों के दर्ज प्रकरण का मामला उठाया। उन्होंने जानकारी मांगी कि नौकरी का प्रलोभन देकर बाहर ले जाने वाले के मामले में कितने प्रकरण दर्ज हुए हैं। इस सवाल पर चर्चा के दौरान संशोधन लाया गया। इस पर अध्यक्ष ने काफी नाराजगी जताई। उन्होंने सवाल को आगे बढ़ाते हुए कहा कि जिस दिन चर्चा होनी हो उसी दिन संशोधन प्रस्तुत न किया जाए।

नगरीय निकायों में छठवें वेतनमान का अता-पता नहीं

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 10 मार्च। नगरीय निकायों में छठवां वेतनमान लागू करने का मामला लटक गया है। नगरीय निकायों में छठवां वेतनमान लागू करने पर कितनी राशि अतिरिक्त खर्च होगी, अभी तक यही तय नहीं हो पाया है। प्रदेश के ज्यादातर नगरीय निकायों में ये मामला ठंडे बस्ते में डालने से नाराज कर्मचारी संघों ने आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

नगरीय निकायों को छोड़कर अन्य विभागों में छठवां वेतनमान लागू कर दिया गया है। एरियस की राशि का भुगतान भी किया जा रहा है। मगर 10 नगर निगमों समेत 109 नगर पंचायतों और 21 नगर पालिकाओं में नए वेतनमान का अता पता नहीं है। अक्टूबर 09 में राज्य शासन ने 65 प्रतिशत से कम स्थापना व्यय वाले नगरीय निकायों में छठवां वेतनमान लागूकरने की घोषणा की थी। इसके बादसे इस मामले में कोई कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी।

रायपुर नगर निगम कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष हरेन्द्र साहू का कहना है कि शासन द्वारा 65 प्रतिशत स्थापना व्यय की सीमा तय करने से कोरबा व भिलाई नगर निगम को छोड़कर कहीं पर भी नए वेतनमान का लाभ कर्मचारियों को नहीं मिल पाएगा। स्थापना व्यय 65 प्रतिशत करने का मापदंड सिर्फ नगरीय निकायों के लिए तय किया गया है। अन्य विभागों के कर्मचारियों के लिए ऐसी कोई शर्त नहीं है। निकाय कर्मचारियों के दोहरा मापदंड अपनाना उचित नहीं है।

आंदोलन की तैयारी

छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ ने नया वेतनमान लागू करने में हो रही लेटलतीफी के विरोध में आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले 6 महीनों से प्रशासनिक स्तर पर इस मामले को नजर अंदाज किया जा रहा है। प्रदेश सरकार का स्थापना व्यय 75 प्रतिशत से ज्यादा होने के बावजूद सभी विभागों में छठवें वेतनमान को लागू कर दिया गया है, जबकि नगरीय निकायों के लिए शर्त जोड़ दी गई है। इस मामले में संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक में आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

शहर में उतरा अक्षरधाम

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 10 मार्च। 18 कारीगरों की सहभागिता में शहर में 'अक्षरधाम मंदिर' अंतिम रूप ले चुका है।

एक महीने की मेहनत से थर्मोकोल से अक्षरधाम को साकार करने वाले कारीगर विदेश विश्वास इसके पहले गोल्डन टेंपल और गेटवे ऑफ इंडिया जैसे ऐतिहासिक स्मारक की प्रतिकृति तैयार कर चुके हैं।

आज से बीटीआई मैदान में शुरू होने जा रहे रायपुर उत्सव मेला 2010 में सम्मिलित विदेश विश्वास ने थर्मोकोल से मॉडल तैयार करने का हुनर गुरू जीवन शर्मा से सीखा। विदेश ने बताया कि उनके गुरू की उम्र 85 साल के हैं इसके बावजूद वो वर्तमान में हैदराबाद की फिल्म कंपनी में काम कर रहे हैं। 15 साल की उम्र से कला से जुड़े विदेश कहते हैं इस कला में बहुत धैर्य की जरूरत है। थर्मोकोल की कटिंग से लेकर ढांचा तैयार करने में खासी मेहनत करनी पड़ती है।

महिला बिल पर धन्यवाद

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 10 मार्च। कांग्रेस विधायक अजीत जोगी ने राज्यसभा में महिला बिल के पारित होने पर धन्यवाद प्रस्ताव लाने की मांग की। अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने इस बिल के लिए समर्थन देने वाले दलों का धन्यवाद किया।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री जोगी ने महिला बिल के पास होने को ऐतिहासिक बताते हुए अनुरोध किया कि जिन पार्टियों ने इसका समर्थन किया है उन्हें आसंदी की ओर से धन्यवाद दिया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि बिल विधानसभा में अनुसमर्थन के लिए लाया जाएगा। इसके आने पर कोशिश की जाएगी कि इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया जाए। उन्होंने समर्थन देने वाले दलों को आसंदी की ओर से धन्यवाद भी दिया।

सड़क हादसे में दो गंभीर

आक्रोशित भीड़ ने ट्रक फूंका

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 10 मार्च। धरसीवां-सांकरा के पास बीती रात एक ट्रक की टक्कर से मोटर साइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित भीड़ ने ट्रक में आग लगा दी। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया।

भिलाई पॉवर हाऊस निवासी चंद्रप्रकाश बंजारे और मंशाराम कल तिल्दा-नेवरा गए हुए थे। दोनों रात में मोटरसाइकिल से वापस भिलाई आ रहे थे तभी सांकरा गांव के पास एक ट्रक चालक ने मोटर साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी जिससे दोनों ट्रक की चपेट में आ गए। घटना की खबर मिलने पर धरसीवां पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर घटना के बाद चालक फरार हो गया। इस मार्ग पर लगातार हो रहे हादसों से भीड़ उग्र हो गई। भीड़ ने ट्रक में आग लगा दी। फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना के विरोध में देर रात तक गांव वाले हंगामा करते रहे। धरसीवां पुलिस ने फरार चालक और ट्रक में आग लगाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

हत्या, फरार आरोपी बंदी

रायपुर, 10 मार्च। डुंडा में हत्या के मामले में फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लाला राम उर्फ उमाशंकर चार माह से फरार था।

पिछले वर्ष अक्टूबर माह से डुंडा में सुरेश साहू की कई लोगों ने मिलकर हत्या कर दी थी। इस मामले में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। लालराम घटना के बाद से फरार था। देर रात पुलिस ने डुंडा स्थिति घर से लालराम को गिरफ्तार कर लिया है।

नरबलि अंधविश्वास : डॉ. मिश्र

रायपुर, 10 मार्च। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कि धमतरी के ग्राम बंजारी में बालक की नरबलि की घटना अंधविश्वास के कारण हुई है। ग्रामीणों को ऐसे अंधविश्वास से बचना चाहिए। समिति का दल ग्राम बंजारी का दौरा करेगा।

उन्होंने कहा ग्राम बंजारी के 5 वर्षीय बालक नोहरसिंह मरकाम की निर्मम हत्या महाशिवरात्रि के दिन वहीं के बैगा शोभाराम साहू द्वारा सिद्धि प्राप्त करने के लिए किए जाने की खबर है। कुछ लोग अंधविश्वास में पड़कर ऐसे आपराधिक कृत्य कर लेते हैं जो न केवल अधार्मिक हैं बल्कि अमानवीय व गैरकानूनी भी हैं। ग्रामीणों को ऐसे अंधविश्वासों में नहीं पड़ना चाहिए। अपने स्वार्थ के लिए किसी दूसरे व्यक्ति का नुकसान करने, उसकी हत्या करने, बलि देने से किसी प्रकार का कोई लाभ नहीं होता। उन्हें कोई सिद्धि चमत्कारिक ताकत, खजाने की प्राप्ति नहीं होती बल्कि ऐसे आरोपी को कानून का सामना करना पड़ता है। जेल जाना पड़ता है। समिति के सदस्य वहां पहुंचकर जनजागरण करेंगे।

डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कुछ लोग भ्रमपूर्ण मिथकों, काल्पनिक किस्से, कहानियों पर हद से अधिक भरोसा करते हैं तथा न केवल किसी दूसरे को हिंसा का शिकार बनाते हैं बल्कि स्वयं भी आत्मघाती प्रयास कर लेते हैं व चमत्कारिक सफलता प्राप्त होने की लालसा में स्वयं का नुकसान कर बैठते हैं। ग्रामीणों को ऐसे अंधविश्वासपूर्ण दुस्साहस से बचना चाहिए।

महिला बिल के पास होने की खुशी दिल्ली से लेकर राजधानी में भी दिखाई दे रही है। राजधानी के भाजपा कार्यालय में महिला कार्यकर्ताओं ने गुलाल उड़ाकर और मिठाई बांटकर जश्न मनाया।

ग्राम सुराज में शिकवा-शिकायत की जगह होगी खेती-बाड़ी की चर्चा

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 10 मार्च। सरकार ग्राम सुराज अभियान के स्वरूप में परिवर्तन करने जा रही है। इस बार शिकवा-शिकायतों की जगह ग्रामीण सुराज दल से खेती और जल प्रबंधन को लेकर सलाह ले सकेंगे। यह अभियान संभवत: 15 अप्रैल से शुरू होगा और इस पर विचार के लिए शनिवार 13 मार्च को कलेक्टर कांफ्रेंस बुलाई गई है।



रमन सरकार के ग्राम सुराज अभियान को पिछले सालों में काफी सराहना मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह प्रदेश के कोने-कोने में जाकर लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। इस अभियान के जरिए समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों की समस्याओं को समझने और उसका निराकरण करने में सरकार को काफी मदद मिली। इस बार सुराज अभियान के स्वरूप में काफी बदलाव किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस सिलसिले में मुख्य सचिव पी.जॉय उम्मेन और अपने सचिवालय के अफसरों के साथ विचार-विमर्श किया।

बताया गया कि इस अभियान में लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। इसमें कृषि, जल प्रबंधन से जुड़े लोगों की सेवाएं ली जाएगी। अर्थात कृषि विश्वविद्यालय और चिकित्सा छात्रों की भी सेवाएं लेने पर विचार किया जा रहा है। अभियान दल के साथ मिट्टी, जल और खाद-बीज से जुड़े विशेषज्ञ रहेंगे। ग्रामीण अपनी उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेषज्ञों की सलाह ले सकेंगे। यह अभियान संभवत: 15 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। इसमें मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी सभी जिलों का दौरा कर लोगों की समस्याओं से रूबरू भी होंगे। मुख्यमंत्री हेलीकॉफ्टर से दौरा कर जिलेवार बैठक लेंगे। सूत्रों के मुताबिक इस ग्राम सुराज अभियान के स्वरूप पर चर्चा के लिए 13 मार्च को कलेक्टर कांफ्रेंस बुलाई गई है। इसमें सरकार के मंत्री भी मौजूद रहेंगे। मुख्य सचिव अभियान को लेकर कल सभी सचिवों की बैठक लेंगे।

समस्त छत्तीसगढ़वासियों को
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस
पर
हार्दिक शुभकामनाएं...

LANCO
INSPIRING GROWTH

लैंको - फाउंडेशन
नि:शुल्क कृत्रिम अंग
रोपण व वितरण केन्द्र
एच.आई.जी.117
महाराणा प्रताप नगर
जिला-कोरबा
(छत्तीसगढ़)
फोन नम्बर 07759-222338

लैंको अमरकंटक पॉवर लिमिटेड,
ग्राम-पताढ़ी, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)

महिला आरक्षण बिल कांग्रेस की अमूल्य सौगात

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 10 मार्च। कांग्रेस सांसद डॉ. चरणदास महंत ने कहा है कि राज्यसभा में पारित महिला आरक्षण बिल महिलाओं के लिए कांग्रेस की ओर से अमूल्य सौगात है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण की दिशा में कांग्रेस सरकार ने बिल पारित कर विश्व के सामने उदाहरण बनकर उभरा है।

कांग्रेस व यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को इसका श्रेय देते हुए श्री महंत ने कहा कि नारी को सम्मान देना कांग्रेस की परंपरा रही है। इससे पहले स्व. राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में पंचायती राज विधेयक में संशोधन कर पहली बार महिलाओं को पंचायती राज में 33 प्रतिशत का आरक्षण देकर इतिहास रचा था। कांग्रेस एवं यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विरोधों के बावजूद महिला आरक्षण बिल राज्यसभा में पारित करवाकर एक और इतिहास रचा। इससे देश की महिलाएं सामाजिक एवं राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरेगी तथा देश की भावी पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

डॉ. चरणदास महंत ने आगे कहा कि अमरीका जैसे विकसित देश ने अपनी आजादी के लगभग 150 वर्षों के बाद अपने देश की महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया था, लेकिन कांग्रेस ने 1947 में आजादी के बाद ही देश की महिलाओं को वोट देने का अधिकार देकर नारी के सम्मान को बढ़ाया। कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया है, उन्हें संगठन एवं सत्ता के बड़े-बड़े पदों पर सम्मानित भी किया है। पहली महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल एवं लोकसभा में पहली महिला अध्यक्ष श्रीमती मीरा कुमार इसके उदाहरण हैं। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने भारत को विश्व के नक्शे पर एक शक्तिशाली देश के रूप में स्थापित किया। श्रीमती एनी बिसेंट कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष बनी थी। आजादी के बाद कांग्रेस ने जब देश की बागडोर संभाली तब देश की पहली केबिनेट मंत्री के रूप में राजकुमारी अमृता कौर को शपथ दिलाई गई। राज्यमंत्री के रूप में विजय लक्ष्मी पंडित देश की पहली महिला राज्य बनी थी।

कांग्रेस ने उत्तरप्रदेश जैसे विशाल प्रदेश की बागडोर पहली महिला मुख्यमंत्री श्रीमती सुचिता कृपलानी को, श्रीमती सरोजनी नायडू को पहली महिला राज्यपाल, आंध्रप्रदेश में श्रीमती पी. सविता इंदिरा रेड्डी को किसी भी राज्य में पहली महिला गृहमंत्री बनाया गया।

तेन्दुआ मंदिर में चैत नवरात्र 16 से

रायपुर, 10 मार्च। श्री आदि शक्तिपीठ माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर ट्रस्ट समिति ग्राम तेन्दुआ मुक्तिधाम में चैत्र नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योतिकलश स्थापना सोलह मार्च मंगलवार से आयोजित होगा।

प्रतिदिन संगीत मय महाआरती व माता सेवा की जस गान, झांकी प्रस्तुति व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए विभिन्न मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। मंदिर समिति के सचिव प्रमोद कुमार यदु, व प्रचार-प्रसार प्रभारी गोविन्द धनगर ने बताया मां के दरबार में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित कराने वालों श्रद्धालुओं के लिए महाअष्ठमी हवन सामाग्री समिति द्वारा व्यवस्था की जाएगी। नवरात्र में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित हेतु 15 मार्च तक, घृत ज्योति 551 रु. तेल ज्योति 351 रु. जमा कर पंजीयन करा सकते हैं।

नगदी- डेढ़ लाख के जेवर पार

रायपुर, 10 मार्च। रमण मंदिर वार्ड स्थित एक मकान में बीती रात चोरी हो गई। चोर 16 सौ नगदी सहित लगभग डेढ़ लाख के जेवर लेकर फरार हो गए। गंज पुलिस मामले की जांच कर रही है। रमण मंदिर वार्ड निवासी अमित श्रीवास्तव का परिवार बुधवार की सुबह जब उठा तो उन्हें चोरी होने का पता चला। चोर घर का दरवाजा खोलकर आलमारी में रखे नगदी और जेवर चुरा ले गए। परिवार के लोग दूसरे कमरे में सोए हुए थे। घटना की खबर मिलने पर आस सुबह फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, क्राईम ब्रांच और गंज पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने घर का मुआयना किया। मकान मालिक अमित श्रीवास्तव के मुताबिक आलमारी में 16 सौ रुपए और लगभग डेढ़ लाख रुपए के जेवर रखे हुए थे।